Regarding need to set up a Sainik School and Sainik or NCC Training Centre in Baghpat district of Uttar PradeshLaid

डॉ. राजकुमार सांगवान (बागपत) : महोदय, मैं सरकार का ध्यान पश्चिमी उत्तर प्रदेश, विशेषकर बागपत जिले में सैनिक स्कूल, सैनिक प्रशिक्षण केंद्र अथवा एनसीसी प्रशिक्षण अवसंरचना स्थापित करने की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । बागपत और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हर वर्ष हजारों युवा सेना, अर्धसैनिक बलों तथा एनडीए सहित विभिन्न रक्षा सेवाओं में शामिल होने का लक्ष्य लेकर मेहनत करते हैं, किंतु इस पूरे क्षेत्र में किसी भी प्रकार की उन्नत सैन्य प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध न होने के कारण उन्हें गुणवत्तापूर्ण तैयारी, मार्गदर्शन और संसाधनों से वंचित रहना पड़ता है । यह स्थिति न केवल युवाओं की क्षमता को सीमित करती है, बल्कि रक्षा सेवाओं में योगदान देने वाले इस क्षेत्र की संभावनाओं को भी कम करती है । अतः मेरी सरकार से मांग है कि बागपत जिले में सैनिक स्कूल, सैनिक ट्रेनिंग सेंटर अथवा एनसीसी प्रशिक्षण अवसंरचना स्थापित करने की कृपा करें ताकि इस क्षेत्र के युवाओं को बेहतर सैन्य तैयारी के अवसर उपलब्ध हो सकें और वे देश की रक्षा सेवाओं में और अधिक प्रभावी योगदान दे सकें ।